**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 29.05.2026** **समय : 1905**

1. शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान ने परीक्षा माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। श्री प्रधान ने कहा योग्य छात्रों के हितों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।
2. देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद है। सरकार निरंतर स्थिति की समीक्षा कर रही है।
3. अंडमान निकोबार में पर्यटन सुरक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में पुलिस कर्मियों को विषेश प्रशिक्षण दिया गया।
4. सरकारी आवास आवंटन के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन ने ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की।

<><><><><><>

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि पेपर लीक की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। डीडी न्यूज़ को दिए एक विशेष साक्षात्कार में श्री प्रधान ने आश्वासन दिया कि पुनर्परीक्षा प्रक्रिया उचित और व्यवस्थित तरीके से बिना किसी त्रुटि के संपन्न की जाएगी। छात्रों को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार उनकी चिंताओं को समझती है। उन्होंने स्वीकार किया कि छात्रों के विश्वास को ठेस पहुंची है। श्री प्रधान ने आश्वासन दिया कि परीक्षा प्रक्रिया को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच त्रुटिरहित परीक्षा आयोजित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। परीक्षा प्रक्रिया में भविष्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए उठाए जा रहे ठोस कदमों के बारे में बात करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो – सीबीआई इस मामले की पूरी जांच करे और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

<><><><><><>

भारत सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त भंडार है और सभी शोधन संयंत्र अधिकतम स्तर पर काम कर रहे हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में अंतर मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में प्रति दिन बानबे हजार मीट्रिक टन रसोई गैस का उत्पादन हो रहा है जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है। उन्होंने कहा कि किसी भी एलपीजी वितरक से रसोई गैस कमी की कोई सूचना नहीं मिली है। खुदरा बिक्री केंद्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि डेढ़ सौ जिलों ने पेट्रोल में तीस प्रतिशत वृद्धि और एक सौ पैंसठ जिलों ने तीस प्रतिशत से अधिक वृद्धि की सूचना दी है। उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति की समीक्षा कर रही है।

<><><><><><>

आकाशवाणी के गौरवशाली नब्बे वर्ष के उपलक्ष्य में श्री विजयपुरम केन्द्र द्वारा कल सुबह पांच बजे सेल्युलर जेल पर वॉकाथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ चन्द्रभूषण कुमार मुख्य अतिथि होंगे। वॉकाथॉन का आयोजन सेल्युलर जेल से फ्लैग प्वाइंट तक रहेगा।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण की सर्किट बैठक 8 जून से 19 जून तक वर्चुअल माध्यम से आयोजित होगी। मितव्ययिता उपायों के कारण यह सुनवाई ऑनलाइन होगी। इस दौरान नई याचिकियां भी स्वीकार की जाएंगी। प्रशासन ने CAT से जुड़े मामलों वाले विभागों से सरकारी अधिवक्ताओं को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने तथा नोडल अधिकारियों को सुनवाई के समय उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

<><><><><><>

नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालयके सहयोग से 25 से 29 मई तक "टूरिज्म पुलिसिंग" विषय पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें अंडमान एवं निकोबार पुलिस के पर्यटन से जुड़े दायित्व निभाने वाले कर्मियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस कर्मियों की पेशेवर दक्षता बढ़ाना, पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा द्वीप समूह को सुरक्षित और पर्यटक–अनुकूल गंतव्य के रूप में और सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में पर्यटन पुलिसिंग, आपदा प्रबंधन, साइबर जागरूकता, संकट प्रबंधन, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और आधुनिक तकनीक के उपयोग जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

<><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम में महीनेभर तक चलने वाले वीकेन्ड फिल्म फेस्टिवल चलचित्र अंडमान निकोबार फिल्म फेस्टिवल–2026 में फिल्म प्रेमियों की अच्छी खासी उपस्थिति देखने को मिल रही है। यह आयोजन अंडमान निकोबार प्रशासन के सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय द्वारा एन एफ डी सी के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस फेस्टिवल में सीनेमा और वीजुअल स्टोरी टेलिंग के साथ–साथ सिनेमा के

व्याकरण और फिल्म विशलेषण पर आधारित कार्याशाला का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आकाशवाणी श्री विजयपुरम से मुम्बई के फिल्म मेकर राहुल काले ने कहा कि–

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के आवास एवं संपदा विभाग ने वर्ष 2026–27 के लिए जनरल पूल के अंतर्गत सरकारी आवास आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन अंडमान निकोबार प्रशासन के कर्मचारियों के लिए 1 जून से 30 जून शाम 5 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक कर्मचारी AAGA पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विभाग ने बताया कि वर्ष 2025–26 की वरिष्ठता सूची में शामिल लेकिन अब तक आवास प्राप्त नहीं करने वाले कर्मचारियों को भी नए सिरे से आवेदन करना होगा। चिकित्सा आधार पर 'आउट ऑफ टर्न' आवंटन के लिए भी आवेदन किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

स्वातंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती के अवसर पर राजधानी श्री विजयपुरम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माय भारत, श्री विजयपुरम तथा चिन्मय युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम ने युवाओं और विद्यार्थियों के बीच राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सामाजिक सेवा की भावना को और सशक्त किया। कार्यक्रम में श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की अध्यक्षा एम. वसंथा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। वहीं डॉ. शिव शंकर सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में और वरिष्ठ अधिवक्ता तुलसी लाल ने विशेष अतिथि के रूप में सहभागिता की। इसके अतिरिक्त चिन्मय मिशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रह्लाडका, पूर्व पार्षद एस. मुथुरमन तथा चिन्मय मिशन के सचिव स्वामी सुद्धानंद स्वरस्वती भी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में वीर सावरकर के जीवन, उनके अदम्य साहस, राष्ट्र के प्रति समर्पण और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों और युवाओं के लिए निबंध लेखन तथा चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

<><><><><><><>